**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड**

## सीईएन सं. 05/2024 पद - गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (स्नातक)

**द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी - II) के कार्यक्रम की सूचना**

1. उपरोक्त सीईएन के लिए द्वितीय चरण के कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-II) का संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | सीईएन सं | पद | परीक्षा | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सीईएन - 05/2024 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों के विभिन्न पद (स्नातक) | सीबीटी-II | 13.10.2025 (सोमवार) |

2. **परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा ।**
3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा – शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरु होगी ।
4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केन्द्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई- सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि, वे आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान सत्यापित कर लें। यदि उन्होंने पहले से ऐसा नहीं किया है तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग-इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान सत्यापित कर लें, ताकि वे परीक्षा केन्द्र में आसानी से प्रवेश कर सकें।
5. अभ्यर्थियों को भर्ती प्रकिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखने का परामर्श दिया जाता है। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह न हों।
6. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते है। आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधाररित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है, और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

**दिनांक : 19.09.2025**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**